तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत

❑एक ही परिवार की थीं दोनों, गांव में पसरा मातम

बभनौली (कुशीनगर)। सेवरही थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सेवरही स्थित महावीर नगर संतपट्टी वार्ड संख्या 10 में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई।

दोनों बच्चियां गांव में ही तालाब के पास खेल रही थीं। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वे गहरे पानी में चली गईं। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतपट्टी निवासी अच्छेलाल यादव की 10 वर्षीय पुत्री प्रीति यादव और उनके सगे भाई छोटेलाल यादव की 12 वर्षीय पुत्री रिया यादव रविवार दोपहर करीब तीन बजे गांव के तालाब के पास खेल रही थीं। दोनों बच्चियों के साथ उनके परिवार का एक छोटा लड़का भी खेल रहा था।

इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से प्रीति और रिया तालाब में गिरकर डूबने लगीं। घटना देखकर साथ खेल रहा छोटा बच्चा घबराकर घर पहुंचा और परिजनों को इसकी जानकारी दी।

बच्चे से घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग आनन-फानन में तालाब की ओर दौड़े, लेकिन जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब तक काफी देर हो चुकी थी।



आसपास के लोगों की मदद से दोनों बच्चियों को तालाब से बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सेवरही पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं, सपा नेता डॉ. उदय नारायण गुप्ता एवं अनूप सोनी सीएचसी सेवरही पहुंचे। एक ही परिवार की दो मासूम बेटियों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में चीख-पुकार मच गई और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

घटना के बाद पूरे संतपट्टी क्षेत्र में मातम छा गया।

सूचना मिलने पर कस्बा चौकी प्रभारी अनिल शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों बच्चियों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक ही परिवार की दो मासूम बच्चियों की असमय मौत से गांव के लोग भी गहरे सदमे में हैं।

अधिवक्ता के घर चोरी

मईल, देवरिया। मईल थाना क्षेत्र के इशारू गांव में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम प्रकाश द्विवेदी के घर हुई भीषण चोरी की घटना ने एक बार फिर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोर घर से करीब 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, परिवार में एक व्यक्ति के निधन के कारण परिजन गांव के अंदर स्थित अपने दूसरे घर पर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने घर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि सूर्य प्रकाश द्विवेदी के घर में चार लोग मौजूद थे, लेकिन किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चोर गली के रास्ते घर में दाखिल हुए और खिड़की तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। सुबह परिजन घर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। इसके बाद डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मईल थाना प्रभारी विकास नाथ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। भागलपुर पुलिस चौकी के प्रभारी अमित राय तथा पुलिसकर्मी राजेश यादव, इजहार अहमद सहित अन्य जवानों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने और परिजनों से पूछताछ के बाद जांच शुरू कर दी।

ड्रोन से आसमान में छोड़े गये चार कैनसैट, जीपीएस से वैज्ञानिकों ने ट्रैक की उड़ान





❑नारायणी रॉकेट्री कप में अंतरिक्ष तकनीक का नया प्रयोग, एक किलोमीटर की ऊंचाई से एक साथ रिलीज किए गए चार उपग्रह; रविवार को एक मॉडल रॉकेट और 20 कैनसैट की लॉन्चिंग

बभनौली (कुशीनगर)। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के पिपराघाट स्थित रकबा जंगली पट्टी में आयोजित नारायणी रॉकेट्री कप-2026 में रविवार को अंतरिक्ष तकनीक का अनूठा प्रयोग देखने को मिला। विद्यार्थियों की ओर से तैयार किए गए चार कैनसैट को ड्रोन के माध्यम से करीब एक किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाकर एक साथ आसमान में रिलीज किया गया। इसके बाद जीपीएस तकनीक की मदद से उनकी उड़ान और लोकेशन की निगरानी की गई। इस प्रयोग की तकनीकी जिम्मेदारी बेंगलुरु स्थित सौएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरी (एनएएल) की टीम ने संभाली। टीम ने ड्रोन की उड़ान से लेकर निर्धारित ऊंचाई पर कैनसैट रिलीज करने तक की पूरी प्रक्रिया को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया। टीम का नेतृत्व पीवी सत्यनारायण कर रहे हैं। उनके साथ अन्य तकनीकी सदस्य भी इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय रहे। इस वर्ष प्रतियोगिता में लॉन्चिंग के लिए अलग-अलग तकनीकी माध्यम अपनाए गए हैं। पिछले वर्ष मॉडल रॉकेट और कैनसैट दोनों को रॉकेट के माध्यम से लॉन्च किया गया था, जबकि इस बार मॉडल रॉकेट का प्रक्षेपण रॉकेट से और कैनसैट की तैनाती ड्रोन के जरिए की जा रही है। इस प्रयोग से विद्यार्थियों को उपग्रहों की तैनाती, उनकी उड़ान और जीपीएस आधारित निगरानी की तकनीक को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिल रहा है।

इसरो की निगरानी में इन-स्पेस की ओर से आयोजित मॉडल रॉकेट्री एवं कैन-7यूसेट इंडिया स्टूडेंट प्रतियोगिता का यह तीसरा संस्करण है। प्रतियोगिता का पहला संस्करण गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित हुआ था। इस बार कुशीनगर के पिपराघाट स्थित रकबा जंगली पट्टी को आयोजन स्थल बनाया गया है। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंची छात्र-छात्राओं की टीमें अपने बनाए मॉडल रॉकेट और कैनसैट के जरिए तकनीकी कौशल का प्रदर्शन कर रही हैं। समाचार लिखे जाने तक रविवार को एक मॉडल रॉकेट और 20 कैनसैट की लॉन्चिंग की जा चुकी थी। नारायणी नदी के तट पर आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को केवल रॉकेट प्रक्षेपण ही नहीं, बल्कि ड्रोन संचालन, जीपीएस ट्रैकिंग और उपग्रह तकनीक के व्यावहारिक पहलुओं से भी रूबरू करा रही है।

मेरी दुश्मनी तो अंधेरों से थी लेकिन हवाओं ने बेवजह मेरी तरफ रुख कर लिया

❑विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न

कसया, कुशीनगर। विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था, पडरौना की मासिक काव्य गोष्ठी कसया तहसील क्षेत्र के साखोपार स्थित स्व. नवल किशोर, विजय सिंह स्मृति प्रांगण में आयोजित हुआ। गोष्ठी में कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

शनिवार को आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी,यू एन पी जी कॉलेज प ?रौना के हिन्दी विभाग के पूर्व विभागध्यक्ष डॉ प्रेमचंद्र सिंह,एबीपीएसएस प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, ज्ञानवर्धन गोविन्द राव,डीके पाण्डेय, ने किया दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया। काव्य



गोष्ठी का शुभारंभ अश्वनी द्विवेदी ने मां शारदे की वंदना से किया। सुजीत पांडेय ने केहू के भूकभूकात रहे। सुरेंद्र गोपाल ने जमीन में मुझे गड़े रहने दो। आकाश महेशपुरी ने जरा सी हो गई शोहरत तो वो अपनी शान के आगे बाप को भी कमतर समझता है। मशहूर शायर एड. इरशाद कामिल ने सम सामयिक रचना 卐 आओ कुछ इस तरह दूरियां कम करें, दो कदम तुम बढ़ो, दो कदम हम बढ़ें। सुनाकर नसीहत दी। युवा कवि अश्वनी दी द्विवेदी ने झुठ पोसल जियावल गईल बा, सांच जबरन मुआवल गईल बा। अवध किशोर अवधु ने हास्य रचना सुनाकर कर सबको लोट पोट कर दिया। संचालन कर रहे रहे संस्था के अध्यक्ष आर के भट्ट नें सुनाया सब ने भर पेट खाया आधी पेट खाई मां, थकी आनन्द भरी नींद में नहाई मां...कवि मदन मोहन पाण्डेय, डा. बलराम राय, राघव शरण मिश्र, सुंदरम सिंह,

ने अपनी रचना सुनाई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री त्रिपाठी ने रचनाओं की मौलिकता पर ध्यान देने का आह्वान करते हुए अपनी कविता सुनाई। दिया सभी लोग सभी देखते हैं, मेरी दुश्मनी तो अंधेरों से थी लेकिन हवाओ ने बेवजह मेरी तरफ रुख कर लिया। अध्यक्षता कर रहे डॉ प्रेम चंद सिंह ने भी अपनी रचना सुनाई।

सभी के प्रति स्वागत अजय प्रताप नारायण सिंह और आभार संस्था के अध्यक्ष आरके भट्ट ने व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व प्रधान अजय,आफताब आलम, हृदयानन्द शर्मा,पूर्व छात्र नेता मोहम्मद आजम, मुकेश प्रताप सिंह, करुणेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र चौहान, हरेंद्र नाथ पांडे, दयाशंकर राव, राजू सिंह, अनिल कुमार मल्ल, शशांक प्रताप सिंह, त्रिपुरेश प्रताप सिंह, रब्बेश सिंह, शिवम सिंह , मणि कंचन चौबे, सहित सम्मानित जन मौजूद रहे।

विधिक सहायता शिविर में जरूरतमंदों को दी गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



पडरौना/कुशीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को जनपद में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ उन्हें विधिक सहायता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार त्यागी, जिलाधिकारी संजय चौहान तथा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में निर्धन, दिव्यांग, महिला, बच्चों, श्रमिकों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। संबंधित योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता और उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले पात्र लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को उनके अधिकारों, विधिक सहायता तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में न्यायपालिका, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी सहभागिता की।

आज के जनसंवाद में सीधे जनता की आवाज सुनेंगे खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय

आज समाचार पत्र के ब्यूरो कार्यालय में 2 नवंबर को होगा विशेष जनसंवाद कार्यक्रम

दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक 9838809417 पर फोन कर रख सकेंगे अपनी समस्याएं

पडरौना, कुशीनगर। 'आज' समाचार पत्र के जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आज 2 नवंबर (सोमवार) को खड्डा विधानसभा क्षेत्र के खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय जनता से सीधे संवाद करेंगे। वह 'आज' के ब्यूरो कार्यालय, पडरौना-रामकोला रोड, एचपी पेट्रोल पंप के निकट उपस्थित रहकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनेंगे। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाले इस



विशेष जनसंवाद में क्षेत्र का कोई भी नागरिक 9838809417 पर फोन कर अपनी समस्या, शिकायत अथवा सुझाव सीधे विधायक के समक्ष रख सकेगा। विधायक प्राप्त समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उनके समाधान का प्रयास करेंगे। 'आज' समाचार पत्र की इस पहल का उद्देश्य जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा स्थानीय समस्याओं को प्रभावी ढंग से संबंधित स्तर तक पहुंचाना है। जनसंवाद के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अपनी बात रखने का सीधा मंच मिलेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि निर्धारित समय पर फोन के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा करें।

धावकों का ट्रायल के द्वारा चयन

फाजिलनगर, कुशीनगर। पावानगर महावीर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित होने वाले 21वी अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिय 351 धावक धाविकाओं का ट्रायल के द्वारा चयन किया गया । रविवार की सुबह 9 बजे एसवी एम पीजी कॉलेज खेल ग्राउंड में प्रतियोगिता का शुभारंभ आयोजन समिति व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता शाही और सेंट जोसेफ स्कूल के डायरेक्टर सी ओ जोश द्वारा हरि झंडी दिखाकर किया गया ट्रायल में कुल 2100 धावक धाविकाओं का 70 ग्रुप बनाकर दौड़ कराया गया जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वालों का चयन किया गया।जिसमे से 250 धावक तथा 101धाविकाओं का चयन किया गया। चयनित सभी धावकों का आयोजन समिति प्रशिक्षकों द्वारा नियमित अभ्यास कराया जाता है आयोजन के दिन सुबह से 51 धावक कसया शहीद चौक से सपहा ,तुर्कपट्टी, होते हुए शाहिद के पैतृक गांव भेलेया पहुंचकर कर शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इसके बाद शहीद के गाँव से 300 धावक धाविकाएं और जुड़ जाती है। जो आयोजन स्थल तक पहुंचती है।

जहां उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अमर जवान ज्योति प्रचलित कर प्रतियोगिता का शुभ आरंभ करते हैं ।चयनित प्रक्रिया आयुक्त जिला प्रशिक्षण स्काउट गाइड एमडी आई खान, जेपी रावत ,जवाहर प्रसाद अजय निगम की देखने में संपन्न हुआ है इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम से पवन बहादुर सिंह,नंदू कुशवाहा,विनय यादव आयोजन समिति के व्यवस्थापक टी एन राय, शिवशंकर तिवारी ,सतेंद्र सिंह,उदयभान सिंह, आजाद अंसारी, विनीत कुमार बंटी, गुड्डू चौहान सुनील प्रजापति, चंदन दुबे, मनीष ओझा, कविंदर सिंह,सतेंद्र सिंह,गुड्डू सिंह,पिंटू सिंह,असरफ अंसारी,नसीम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

पडरौना/कुशीनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की कुशीनगर इकाई की बैठक रविवार को हनुमान



इंटर कॉलेज में जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं और संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। इसी क्रम में नववर्ष के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण पत्रकारों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सभी पत्रकारों को एकजुट होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करना चाहिए। संगठन की मजबूती से ही पत्रकारों के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सकती है। जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सदस्यता अभियान 15 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। इसके लिए सभी तहसीलों में सदस्यता प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पडरौना में चंदन दुबे, खड्डा में नागेंद्र मिश्र, कसानगंज में राजीव गुप्ता, हाटा में रणजीत कुमार सिंह, कसया में फैजुल हक तथा तमकुही में कृष्णनंदन प्रसाद खरवार और अंजनी सिंह को सदस्यता प्रभारी नामित किया गया है। बैठक को अनुशासन समिति के अध्यक्ष कामाख्या नारायण मिश्र, जिला उपाध्यक्ष मुकेश नाथ तिवारी, जिला महासचिव फैजुल हक, जिला सचिव अविनाश चंद जायसवाल और जिला सदस्यता प्रभारी दुर्गा दयाल तिवारी सहित विभिन्न तहसीलों के अध्यक्षों ने संबोधित किया। इस अवसर पर पडरौना तहसील अध्यक्ष हरिशंकर चौबे, कसया के कृष्णमोहन पांडेय, कसानगंज के फरेंद्र पांडेय, तमकुही के राजकुमार चौबे, खड्डा के संजय पांडेय, दुदही के ब्लॉक प्रभारी कृष्णनंदन प्रसाद, रामकोला के राजीव गुप्ता, अशोक सिंह, गोविंद रौनियार और चंदन दुबे सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

वृहद रोजगार मेले में 416 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर प्रारम्भिक चयन


कसानगंज(कुशीनगर)।उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत नगर के जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय, कुशीनगर एवं मॉडल कैरियर सेंटर, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 16 कंपनियों ने प्रतिभाग कर विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक विनय प्रकाश गोंड एवं विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों द्वारा विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। अतिथियों ने परिसर में स्थापित विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया।जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में 416 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन हुआ।कार्यक्रम का संचालन चंदन कुमार गौड़ ने किया।

प्रथम पुण्यतिथि पर भिक्षुओं ने भदंत ज्ञानेश्वर को दी श्रद्धांजलि

कुशीनगर। बौद्ध धर्मगुरु अग्ग महा पंडित भदंत ज्ञानेश्वर की प्रथम पुण्यतिथि पर भिक्षुओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और सूत्र पाठ किया। शनिवार को भंते ज्ञानेश्वर की प्रथम पुण्यतिथि पर भिक्षु संघ कुशीनगर के उपाध्यक्ष भंते शील प्रकाश, मंत्री डॉ नन्द रतन महाथेरो, भंते नंदका, भंते अशोक, भंते महेंद्र थेरो सहित भिक्षुओं ने धम्म चारिका करते हुए भिक्षु मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर पहुंचे और बुद्ध की लेटी प्रतिमा का धम्म पाठ के साथ दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात म्यांमार मंदिर स्थित भंते के समाधि स्थल पर उनकी प्रतिमा के समक्ष भिक्षुओं ने शांति पाठ किया और बड़े गुरु जी के जीवन के प्रसंगों को साझा किया। भिक्षुओं ने भंते ज्ञानेश्वर के बताए धम्म के मार्ग पर चलने और लोक कल्याण के लिए बुद्ध की शिक्षाओं को अनुसरण का संकल्प लिया। संचालन भंते डॉ नन्द रतन ने किया। इस दौरान भंते उपाली, भंते यशपाल, भंते विनय कीर्ति, भंते खोम सान, पी खो, पी पविन भिक्षु प्रज्ञा चकमा, भंते शिलवासा, भंते समिट आदि उपासक राम नगीना, टीके राय, ओम प्रकाश कुशवाहा, फूल बदन कुशवाहा, प्रेम वर्मा आदि सहित थाई, कंबोडिया, तिब्बत, भूटान, भारत के भिक्षु मौजूद रहे।

मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती

भटनी(देवरिया)। सिध्देश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय भरहेचौरा में एन एस एस के स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं के तत्वावधान में धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन ,संघर्ष ,राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना से ओतप्रोत रहा देश की एकता ,अखण्डता को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही ।जिसको भुलाया नही जा सकता ।उनके आचरण को आत्मसात करके ही देश की एकता अखण्डता को और मजबूत किया जा सकता है । प्राचार्य डॉ सम्पूर्णानन्द तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी । इस अवसर परछात्र छात्राओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम का मूल उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता अखण्डता ,समाजिक समरसता एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना रहा ।



रजनीश प्रकाश सिंह अध्यक्ष, संजीव कुमार गौड़ मंत्री निर्वाचित

कसानगंज(कुशीनगर)।उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के चुनाव में रजनीश प्रकाश सिंह अध्यक्ष और संजीव कुमार गौड़ मंत्री निर्वाचित हुए। दोनों पदाधिकारियों ने लगातार



दूसरी बार जीत दर्ज कर शिक्षकों का विश्वास हासिल किया। उनकी जीत पर शिक्षक समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हितों की रक्षा करने और उनके सुख-दुख में हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया। कसानगंज नगर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रजनीश प्रकाश सिंह और विनोद ओझा के बीच मुकाबला हुआ, जबकि मंत्री पद के लिए संजीव कुमार गौड़ और अग्रसेन सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की। कुल 124 मतदाताओं में से 123 शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान एक मत अमान्य घोषित किया गया। मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रजनीश प्रकाश सिंह को 71 मत मिला जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विनोद ओझा को 51 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार रजनीश प्रकाश सिंह ने 20 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। मंत्री पद के चुनाव में संजीव कुमार गौड़ को 77 मत मिला जबकि अग्रसेन सिंह को 45 मतों से संतोष करना पड़ा। संजीव कुमार गौड़ ने 32 मतों के अंतर से जीत हासिल किया। इसके अलावा मनोज चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया।चुनाव निर्वाचन पर्यवेक्षक मुमताज अली, पारसनाथ साहनी और मोलाई प्रजापति की देखरेख में यह चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद शिक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों ने लगातार दूसरी बार जो विश्वास जताया है, उसे वे हमेशा बनाए रखने का प्रयास करेंगे। शिक्षक समुदाय की समस्याओं के समाधान, जायज मांगों को मजबूती से उठाने और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा और उनके अधिकारों के लिए हरसंभव संघर्ष होगा। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, छेदी प्रसाद, राजकुमार राम, दिनेश कुशवाहा, विनोद सिंह, बलराम चौहान, उदयभान सिंह, संजय गुप्ता, विजय तिवारी, गीता देवी, अंबरीश सिंह, नसौम आलम, बसंत चौधरी सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

मेडिकल कालेज प्रधानाचार्य डॉ. रजनी पटेल ने यूथ ब्रिगेड को किया सम्मानित

भलुअनी देवरिया।(आज) स्थानीय नगर स्थित सामाजिक



संस्था स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी (यूथ ब्रिगेड) एवं को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी मेडिकल कालेज द्वारा मेडिकल कालेज हॉल में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. रजनी पटेल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ.एचं. कें. मिश्रा, एचं. ओं. डीं. डॉ. पवन त्रिवेदी, मॅ. ओं. आई सी. डॉ. रमेश सिंह, सह प्रभारी डॉ. रणधीर सिंह, परामर्शदाता सुबोधचंद्र पाण्डेय, एल. टी. तेजभान शर्मा, एल. टी. रविप्रताप कुशवाहा, एम. पी. डब्लु. विक्रांत व गोपाल सहित अन्य अतिथियों ने यूथ ब्रिगेड के संस्थापक एवं निफा जिलाध्यक्ष सन्तोष मद्धेशिया वैश्य एवं रक्तवीर सदस्य विजय गुप्ता को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर संस्था द्वारा विशेष रूप से रक्तदान मुहिम सहित वृक्षारोपण, नशामुक्ति, यातायात सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,आर्थिक सहयोग एवं वस्त्र वितरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान सहित अन्य सामाजिक कार्यों के लिए प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान सन्तोष मद्धेशिया ने प्रधानाचार्य डॉ0 रजनी पटेल से स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहल करते हुए जिले की तमाम राजनीतिक एवं अन्य सरकारी व प्राइवेट संगठनों सहित स्कूल, कालेजों से मिलकर रक्तदान शिविर आयोजित कराने की मांग रखी।

इस अवसर पर रक्तवीर विजय गुप्ता ने अपना दूसरा स्वैच्छिक रक्तदान भी किया जो की संस्था द्वारा 955 वाँ रक्तदान किया गया। उपरोक्त सम्मान पर लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने अमित तिवारी

कोटवा बाजार/कुशीनगर।उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक ईकाई का चुनाव शनिवार को बीआरसी कार्यालय के सभागार में चुनाव पर्यवेक्षक तेज प्रताप व बृजमोहन प्रसाद के देखरेख में संम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु अमित कुमार तिवारी, महामंत्री मसउद अख्तर, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार राय ,तथा उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ,निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि संगठन ने जो सम्मान दिया है शिक्षक हितों के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला महामंत्री छेदी प्रसाद, अवधेश प्रसाद, अमरनाथ तिवारी, डीएन यादव, परमेश्वर प्रसाद, नीरज शाही, पुरुषोत्तम दूबे, प्रदीप गुप्ता, मनीष तिवारी, गुंजन पाण्डेय आदि शिक्षक मौजूद रहे।